


## फर्जी फॉर्म - 7 से
# वोट काटने की साजिश बर्दाश्त नहीं : पंकज

**कांग्रेस ने किया जौरा एसडीएम दफ्तर का घेराव, प्रदर्शन**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 24 जनवरी।** वोटर लिस्ट एसआईआर प्रक्रिया में फर्जी फॉर्म-7 के माध्यम से वोटरों के नाम काटे जाने के विरोध में जौरा विधायक पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 24 जनवरी को एसडीएम दफ्तर का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन भी दिया गया।

ज्ञापन देने से पहले एसडीएम दफ्तर के परिसर में प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को संबोधित करते हुए विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा द्वारा फॉर्म-7 को हथियार बनाकर दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग के वोटर्स को मताधिकार से वंचित किए जाने का सुनियोजित षड्यंत्र रचा जा रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा कि जौरा विधानसभा क्षेत्र में ऐसे तमाम फॉर्म-7 सामने आए है। जिनमें आपत्तिकर्ताओं के नाम और पते अधूरे है, वहीं मोबाइल फोन नंबर भी गलत दर्ज है। ऐसे फॉर्मों को बीएलओ द्वारा स्वीकार किया जाना एसआईआर प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी वोट गलत तरीके से काटा गया तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रदर्शन में कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कहा कि जल्द ही इस मामले की शिकायत कलेक्टर व एसपी से की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।

पूर्व विधायक महेश मिश्रा ने कहा कि फॉर्म-7 अब वोट चोरी का माध्यम बनता जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन एवं घेराव में कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार सहित जौरा, कैलारस, पहाड़गढ़, चिन्नौनी चंबल क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में मतदाता शामिल हुए।

# कैलारस शुगर मिल चालू कराने मजदूर संघ करेगा आंदोलन : गुर्जर

**भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री ने शक्कर कारखाने का किया निरीक्षण**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 जनवरी।** भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप गुर्जर ने 24 जनवरी को कैलारस शुगर मिल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा मिल परिसर में बंद पड़ी मशीनों सहित पूरे परिसर को देखा। जिसके बाद मौके पर मौजूद किसान, युवाओं एवं मजदूर संघ के पदाधिकारियों से कहा कि कारखाने को चालू कराने के लिए वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आवश्यक हुआ तो मजदूर संघ शुगर मिल के लिए आंदोलन भी करेगा।

निरीक्षण के बाद शक्कर कारखाने के श्रमिकों से श्री गुर्जर ने कहा कि मप्र सरकार से मजदूरों की शेष राशि को ब्याज सहित दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शक्कर कारखाना मुरैना जिले के किसान, युवाओं और नागरिकों के स्वाभिमान से जुड़ा मुद्दा है। मिल के चालू होने से युवाओं को रोजगार मिलेगा तो वहीं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

श्री गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र में गन्ना उत्पादन और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता कारखाने को फिर से चालू करने के अहम फैक्टर है। इस मौके पर मजदूर संघ के विभाग प्रमुख बृजराज डंडौतिया, गबदालाल कर्ण, सुरेश शर्मा, सियाराम रावत सहित बड़ी संख्या में शुगर मिल के श्रमिक और किसान उपस्थित थे।



# विस अध्यक्ष तोमर पहुंचे ऐंती शनिदेव का किया अभिषेक



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 जनवरी।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर शनिवार को ऐंती स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने शनि मंदिर परिसर में प्रगतिरत निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उनके साथ पूर्वमंत्री रामपाल सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि शनि मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए।

उन्होंने कहा कि भविष्य में शनि मंदिर को एक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाए, इसके लिए सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में स्टील से निर्मित की जा रही रेलिंग, प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवॉल, सीसी खरंजा सहित अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार बानमोर मोहिनी साहू, समाजसेवी अनिल गोयल, सरपंच सहित निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ननि के मदाखलत अधिकारी पर डंडों से हमला, वाहन में तोड़फोड़




**आधा दर्जन की संख्या में आए बदमाश, एफआईआर नहीं हुई तो कलेक्टर-एसपी बंगला पहुंचे अधिकारी**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 23 जनवरी।** अंबाह रोड पर मुड़ियाखेड़ा के पास नाले की खुदाई का कार्य कराने जा रहे नगर निगम के मदाखलत अधिकारी उपयंत्री फरमान खान पर आधा दर्जन की संख्या में आए बदमाशों ने लाठी, डंडों से हमला बोल दिया। बदमाशों ने उपयंत्री फरमान खान की मारपीट की और वाहन में तोड़फोड़ भी की।

नगर निगम के उपयंत्री मदाखलत अधिकारी फरमान खान के अनुसार मुड़ियाखेड़ा इलाके में नाला खुदाई का काम कराने के लिए सरकारी वाहन में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान ओव्हरब्रिज रोड पर जेएस गार्डन के सामने 7-8 युवकों ने उनके सरकारी वाहन क्रं. एमपी07-जेडई-2514 को रुकवा लिया। उन्होंने उपयंत्री खान को वाहन से नीचे उतरने को कहा। उपयंत्री खान ने बात करने के लिए विंडो का शीशा खोला, तभी एक युवक ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद अन्य बदमाशों ने उनके ऊपर डंडों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने उपयंत्री खान के वाहन में तोड़फोड़ की और डंडों से शीशा तोड़ दिया। शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे हुई इस घटना के बाद उपयंत्री फरमान खान सीधे स्टेशन रोड थाना पहुंचें, उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। लेकिन पुलिस ने एफआईआर नहीं की। जिसके बाद नगर निगम के इंजीनियर एकजुट होकर कलेक्टर बंगला पहुंचें, बंगले पर कलेक्टर के मौजूद न होने पर इंजीनियर एसपी बंगला पहुंच गए। लेकिन यहां भी उन्हें पुलिस अधीक्षक के बंगले में न होने की बात पता चली। जिसके बाद इंजीनियर फिर से स्टेशन रोड थाना पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

**उपयंत्री खान ने कहा- गणेशपुरा में अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान दी थी धमकी**

उपयंत्री व मदाखलत अधिकारी फरमान खान ने बताया कि शुक्रवार को गणेशपुरा में फूटी पुलिया के पास नगर निगम की टीम के साथ मिलकर उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान मौके पर पहुंचें सोनू सिकरवार ने उन्हें शनिवार को देख लेने की धमकी दी थी। फरमान खान ने सोनू सिकरवार और उसके साथियों पर हमले के आरोप लगाए है।

## एक नजर में

### सबलगढ़ में बाल कल्याण समिति की विशेष बैठक आयोजित

**मुरैना/सबलगढ़, 24 जनवरी।** बाल कल्याण समिति की विशेष बैठक 23 जनवरी को कस्बा सबलगढ़ की राधाकृष्ण धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें कैलारस एवं सबलगढ़ से पहुंचें 205 बाल हितग्राही शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बाल हितग्राहियों की समस्याओं को सुना और निराकरण भी किया। बैठक में बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती पूनम डण्डौतिया, सदस्य डॉ. श्रीमती क्षमा कौशिक, प्रवीन्द्र कुमार, राम डण्डौतिया, परियोजना अधिकारी सबलगढ़ भगवती शर्मा, दिवाकर पाराशर, आदि उपस्थित थे। बाल कल्याण समिति की बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की कैलारस परियोजना अधिकारी रचना जैन, थाना प्रभारी सबलगढ़ राजकुमारी परिहार, कैलारस वीरेश कुशवाह सहित कैलारस एवं सबलगढ़ थानों के बाल कल्याण अधिकारियों को शामिल होना था। लेकिन सूचना मिलने के बाद भी वे बैठक में नहीं पहुंचें। जिसे लेकर समिति के सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की और इसे घोर लापरवाही माना है।



### प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले पीएम स्वनिधि योजना का लाभ

**मुरैना।** केरल के त्रिवेंद्रमपुरम में हुए पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम सभागार में हुआ। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना चलाई जा रही है। कार्यक्रम में महापौर शारदा राजेंद्र प्रसाद सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि मुरैना शहर के प्रत्येक पात्र पथ विक्रेता को इस योजना से जोड़कर लाभान्वित करने का कार्य किया जाए। इस मौके पर पीएम स्वनिधि योजना के तहत हितग्राहियों को मंच से क्रेडिट कार्ड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे, एमआईसी सदस्य बदन सिंह यादव, राकेश यादव, हरीसिंह सिकरवार, बूटा टैगोर आदि उपस्थित थे। शहरी परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना शहरी क्षेत्र में चलाई जा रही है। योजना के अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को 15 हजार से लेकर 50 हजार तक का लोन उपलब्ध कराया जाता है।




### राष्ट्र को सशक्त बनाने हिंदुओं का जाग्रत और सक्रिय होना जरूरी

**मुरैना/जौरा।** तहसील जौरा के केशवपुर गांव में शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में आरएसएस के कार्यवाह राघवेन्द्र त्रिपाठी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। सम्मेलन में उपस्थित महिला एवं पुरुषों को संबोधित करते हुए राघवेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। उन्होंने पारंपरिक जीवन शैली और घर में पके शुद्ध भोजन को अपनाने पर जोर दिया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि पॉलीथिन का उपयोग रोकने के लिए हमें बाजार जाते समय अपने साथ कपड़े से तैयार थैला साथ लेकर जाने की आदत बनानी होगी। कार्यक्रम में संत राधेश्यामदास महाराज ने कहा कि एक अच्छे और संस्कारवान परिवार से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है। मातृशक्ति ग्रुप में उपस्थित किशोरी राधा शास्त्री ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए हिंदुओं को जाग्रत और सक्रिय बनना होगा। तभी हम बाहरी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दे सकेंगे।



# महिला-बच्चों को आगे बढ़ाने प्रोत्साहित करना जरूरी : अंजना

**कैलारस में दो दिनी आनंद उत्सव का समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 23 जनवरी।** नगर परिषद कैलारस के तत्वावधान में दो दिवसीय आनंद उत्सव का शनिवार को समापन हो गया। आनंद उत्सव का आयोजन थाना परिसर में हुआ। आयोजन के दौरान सामाजिक एकता, खेल, संस्कृति का अदभुत दृश्य प्रस्तुत किया।



समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल मौजूद थीं। इस अवसर पर तहसीलदार नरेश शर्मा, एसडीओपी उमेश मिश्रा, थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह, सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया, पार्षद धारा सोनी, खेल विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आनंद उत्सव के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में चेयर रेस, रस्साकस्शी, 100 मीटर दौड़, बोरा रेस, नींबू रेस, खो-खो, सितोलिया 20 मीटर दौड़ सहित अनेक खेल व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने कहा कि आनंद उत्सव के माध्यम से नारी शक्ति ने खेलों में जिस आत्मविश्वास और प्रतिभा का परिचय दिया, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रोत्साहन देना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया ने खिलाड़ियों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**मुरैना, 23 जनवरी।** सिहौनिया थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिहौनिया निवासी महिला इंदिरा देवी 60 पत्नी दिनेश सिंह तोमर शनिवार को खड़ियाहार से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान जब वो कन्हैई सिंह का पुरा के पास से गुजर रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में इंदिरा देवी बुरी तरह जख्मी हो गई। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### हेतमपुर स्टेशन पर मालगाड़ी की टक्कर से मजदूर की मौत

**मुरैना, 23 जनवरी।** हेतमपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रेक पर मजदूरी करने वाले मजदूर की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। देशराज आदिवासी 45 पुत्र चन्नी आदिवासी निवासी गंगवाह, खजुराहो जिला छतरपुर रेलवे के निर्माण करने वाले ठेकेदार के साथ मजदूरी का काम किया करता था। इन दिनों देशराज हेतमपुर रेलवे स्टेशन के पास मजदूरी का कार्य कर रहा था। इसी दौरान देशराज मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत, दूसरा जख्मी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 24 जनवरी।** ई-अटेंडेंस शिक्षकों की सरदर्द बन गई है। शनिवार को ई अटेंडेंस लगाने में देरी न हो जाए, इसलिए बाइक सवार दो शिक्षक अपने घर से निकले लेकिन सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे ग्वालियर रैफर किया गया है। यहां बता दें कि ई-अटेंडेंस के फेर में इस सप्ताह शिक्षकों के साथ यह दूसरा हादसा हुआ है।

जानकारी के अनुसार रामकुमार त्यागी शासकीय स्कूल जींद का पुरा और रामप्रकाश त्यागी शासकीय स्कूल सिंघौरा में पदस्थ हैं। हारगांगौली में रहने वाले दोनो शिक्षक रोज की तरह अपनी बाइक से स्कूल पढ़ाने के लिए निकले। चूंकि स्कूल में ई-अटेंडेंस लगानी पड़ रही है अन्यथा शिक्षकों का वेतन काटा जा रहा है। घर से समय पर स्कूल पहुंचने के लिए दोनों शिक्षक शनिवार सुबह अपनी बाइक से तेजी से स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान धमकन रोड पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दोनों शिक्षकों की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉली मौके पर ही पलट गई।

**सिर फटने से रामकुमार की मौके पर ही मौत, दूसरा ग्वालियर रैफर**

शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में शिक्षक रामकुमार त्यागी के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे शिक्षक रामप्रकाश त्यागी घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जौरा अस्पताल से जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। यहां से उनकी गंभीर हालत देखकर ग्वालियर भेज दिया गया। वहीं आरोपी ड्राइवर ट्रॉली को मौके पर छोड़ ट्रैक्टर सहित फरार हो गया।

# ग्राम पंचायत रामपुर कलां में खेत तालाब योजना में लाखों का भ्रष्टाचार

**जांच के बाद भी सरपंच सचिव पर नहीं हो रही है कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 24 जनवरी।** सबलगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रामपुर कलां में सरपंच सचिव द्वारा खेत तालाब योजना में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया।

ग्राम पंचायत रामपुर कलां में सरपंच भगवान लाल शाक्य ओर सचिव वीरभान सिंह जादौन द्वारा खेत तालाब बनाए जाने पर बिना खेत मालिकों की मर्जी के उनके खेत में खेत तालाब के नाम पर भ्रष्टाचार कर उनके नाम से लाखों रुपए डकार गए जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने सी ई ई एस डी एम ओर कलेक्टर तक की परन्तु आज तक सरपंच सचिव के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई कलेक्टर लोकेश कुमार जागिड़ के आदेश पर जनपद पंचायत से एक जांच दल भी भेजा गया परन्तु वह भी ठीक प्रकार जांच नहीं कर सका।



ग्राम पंचायत रामपुर कलां के निवासी बसंत सिंह जादौन के खेत में सरपंच सचिव द्वारा खेत तालाब बनाए जाना बताया परन्तु मौके पर जाकर देखा तो खेत में सरसों की फसल खड़ी थी और ऐसा कोई चिन्ह नहीं मिला जिससे यह प्रमाणित हो सके कि सरपंच सचिव ने इनके खेत में कोई खेत तालाब बनाए है जबकि बसंत सिंह जादौन के खेत सर्वे क्रमांक 687/01 के नाम पर चार लाख का भुगतान होना बताया है जब इसकी जानकारी बसंत जादौन को मिली तो उन्होंने एक शिकायत के संबद्ध में स्वयं जनपद पंचायत के उपयंत्री बृजेश भदौरिया द्वारा लिखित में दिया गया है कि बसंत सिंह जादौन के खेत में खेत तालाब नहीं बनाया जा सकता है फिर सरपंच सचिव ने कैसे खेत तालाब बना दिया।

इसी तरह का मामला भूप सिंह जाटव का है उसके खेत मे भी छोटा सा गड्ढा कर पूरा पैसा खेत तालाब योजना के नाम से सरपंच सचिव ओर रोजगार सहायक ने निकाल लिया उसे एक भी रुपया नहीं मिला इसे कुल 14 केश है जिसमें खेत तालाब योजना में कागजों में काम दिखाकर लाखों रूपए निकाल कर बंदरबाट कर लिए गए बसंत सिंह जादौन भूप सिंह जाटव ओर मुन्ना शर्मा द्वारा कई बार एस डी एम मेघा तिवारी कलेक्टर लोकेश कुमार जागिड़ की जन सुनवाई में जाकर जांच के लिए आवेदन दिए गए जनपद पंचायत के सी ई ओ ललित कुमार चौधरी द्वारा एक टीम जांच करने के लिए रामपुर कलां में भेजी गई थी एक माह होने को आ रहा है परन्तु अभी तक भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे आज भी सरपंच ओर सचिव के हौसले बुलंद है।

Presiding Officer : हितेन्द्र द्विवेदी
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS HM/0000329/2024)
श्रीमती नीतू..........वादी
Vs
बबलू............प्रतिवादी
Process id-/२०२६
पेशी दिनांक :- 23/03/2026
प्रेषिती-
(1) बबलू माहौर पुत्र श्री स्व. छीतल प्रसाद माहौर पता-एफेक्ट कॉलेज के सामने, ग्वालियर रोड, गोहद चौराहा, जिला भिण्ड म.प्र.
यह कि प्रार्थी श्रीमती नीतू माहौर पत्नी श्री बबलू पुत्री श्री रामप्रकाश माहौर ने आपके विरुद्ध वादपत्र धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है,
गुड्डी ने आपके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 16 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
(प्रिंसीपल जज)
फैमिली कोर्ट मुरैना (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें :-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।